Seventeenth Loksabha

>

Title: Request for the construction of three under pass at Monda Block, Umapur village and Urvwa Block.

प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगी। भारत सरकार ने रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बहुत अच्छा कदम उठाया है। जितनी भी मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग्स हैं, उन सब को बंद करने का काम किया गया है। पूरे भारत में यह कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। मेरे क्षेत्र में तीन ऐसे स्थान हैं, जहाँ मानव रहित रेल क्रॉसिंग बंद हो जाने से बच्चों का आवागमन और मुख्य मार्ग पर आने का रास्ता बंद हो गया है। वहाँ ग्रामवासियों को बहुत कठिनाई उठानी पड़ रही है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि रेलवे विभाग तत्काल हमारे यहाँ तीन अण्डरपास बना दे। मांडा ब्लॉक में उमापुर गाँव में, उरवा ब्लॉक के सोनई गाँव में और कठौली गाँव के सामने जो क्रॉसिंग्स बंद हुई हैं, वहाँ अण्डरपास बनाकर लोगों को आवागमन के लिए सहूलियत प्रदान करें। धन्यवाद।